संसद सदस्यों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 14 नवम्बर, 2020: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला; राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष, श्री गुलाम नबी आजाद; संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने आज पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और सचिव, लोक सभा सचिवालय श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ एस. राधाकृष्णन ने 5 मई, 1966 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र का अनावरण किया था।